<u>प्रेस नोट</u>

<u>जनपद मुजफ्फरनगर</u>

<u>दिनांक 06.11.2024</u>

➢ **<u>थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 शातिर चोर अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 05.11.2024 को प्रभारी निरीक्षक थाना नई मण्डी श्री दिनेश चन्द्र मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 517/2024 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 शातिर चोर अभियुक्त सचिन पुत्र रामानन्द निवासी रामपुरी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को भोपा रोड पर चांदपुर पुलिया के पास से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 मोटरसाइकिल(फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई),01 तमंचा मय 02 जिन्दा 02 खोखा कारतूस 12 बोर बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग में 317(2) कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **<u>थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 05.11.2024 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री लोकेश कुमार गौतम मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0- 3558/9/15 धारा 452,427,323,504,506 भादवि में वारन्टी अभियुक्त आशू पुत्र यासीन निवासी पुजाया वाली मस्जिद दक्षिणी खालापार, थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ **<u>थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्रों का क्रय/विक्रय करने वाले 03 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 06.11.2024 को थानाध्यक्ष शाहपुर श्री सुनील कसाना मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस चैकिंग अवैध शस्त्रों का क्रय/विक्रय करने वाले 03 अभियुक्तगण 1- विक्रान्त पंडित पुत्र अनील शर्मा निवासी ग्राम पलड़ा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर 2- सादिक पुत्र यामीन निवासी ग्राम बसी कलां थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर 3- अर्चित आर्य पुत्र अजय निवासी मौहल्ला बाजार कलां अग्रवाल धर्मशाला के पास कस्बा व थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को ग्राम शाहपुर मार्ग पर कबीरपुर मोड कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 05 अवैध तमंचे मय 10 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 मोबाइल फोन, 01 स्पलैण्डर मोटरसाइकिल बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 352/2024 धारा 3/5(1)/8/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **<u>थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा धोखाधडी के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 06.11.2024 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अनील कुमार तोमर मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 295/2024 धारा 420,467,468,471 भादवि में वांछित अभियुक्त सियाराम पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम पीपलशाह थाना नई मण्डी , मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा होमगार्ड कार्यालय में स्वंय के फर्जी व कूटरचित शैक्षिक द्स्तावेज जमा किये गये थे।

➢ **<u>थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 02 वाहन चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 06.11.2024 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री करन कुमार मय हमाहीगण द्वारा वाहन चोरी के अभियोग मु0अ0सं0 519/2024 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर चोर अभियुक्तगण 1- शिवम यादव पुत्र पन्नालाल यादव निवासी परसे चोबिया, देवरिया हाल पता नुमाईश कैम्प दुर्गा मन्दिर के पास थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर 2- अनिकेत पाल पुत्र जसवीर सिंह निवासी ग्राम

कूकड़ा थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस चैकिंग रेलवे अण्डरपास सिविल लाईन के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 स्पलैण्डर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गयी।

- **<u>थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा गैंगस्टर के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 06.11.2024 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री राजकुमार बालियान मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 516/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त आलोक त्यागी पुत्र बिजेन्द्र त्यागी निवासी एकता विहार रूड़की रोड, थाना कोतवाली नगर हालपता वसुन्धरा एन्कलेव जमालपुर कलां थाना कनखल, हरिद्वार, उत्तराखण्ड को अलमासपुर चौक के पास से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा 02 अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 05.11.2024 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सन्दीप कुमार मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस चैकिगं मुखबिर की सूचना पर 02 शातिर अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण 1- गुफरान उर्फ गुफ्फा पुत्र अलीशेर 2- अय्यूब पुत्र शफी निवासीगण ग्राम हुसैनपुर कलां थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर को क्राउन पब्लिक स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 3.6 कि0ग्रा0 अवैध मादक पदार्थ (गांजा) तथा 01 बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 460/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **<u>थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा 01 चोर अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 06.11.2024 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री ललित कसाना मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0-461/2024 धारा 305 बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर चोर अभियुक्त आसिफ पुत्र वाजिद अली निवासी मौहल्ला शाहबाड़ा कस्बा व थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर को मुखबिर की सूचना पर बडौत रोड पर बडकता पुलिया के पास से गिरफ्तार किय गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 3100/- रुपये नगद, 01 आधार कार्ड, 01 पास बुक, 01 बैग, 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 461/2024 में धारा 317(2) तथा मु0अ0सं0-462/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।